Topic: अजीब दृश्य Date: 24.2.22

आपने कभी कोई अजीब दृश्य देखा है?

एक बार की बात है। मैं अपने दादा जी के गाँव जा रहा था। रात का समय था और मैं अपने पिता जी के साथ रेलवे स्टेशन से कच्ची सड़क से दादा जी के घर जा रहा था। सड़क के दोनों तरफ झाड़ियाँ थीं। उनमें से दूर खड़ी एक झाड़ी से प्रकाश की किरणें आ रही थी। झाड़ी पूरी तरह जगमगा रही थी। ऐसा लग रहा था, मानो झाड़ी में किसी

Topic ____ Date 24.2.22

ने छोटे-छोटे बल्ब जला दिये हैं। मैं दादा जी के घर पहुँचा और दादा जी से पूछा कि इस झाड़ी मे कौन बल्ब जला रखा है? पिताजी और दादा जी जोर से हँस पड़े। तब दादा जी ने कहा- अथर्व! ये बल्ब नहीं है। झाड़ी पर जुगनू चमक रहे हैं। मैंने पूछा- ये जुगनू क्या होते हैं और ये कैसे चमक रहे हैं? दादा जी ने बताया कि जुगनू बहुत छोटे कीड़े होते हैं जिससे प्रकाश निकलते हैं। मैं अचंभित था।

—अथर्व सिंह